# 45 हजार का जुर्माना वसूला



पत्रिका

रतलाम. शहर में कलेक्टर व नगर निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम द्वारा अवैध तबेले संचालकों को स्वयं तोड़ने की दी गई समय सीमा समाप्त होते ही नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया मंगलवार सुबह ही इनको तोड़ने के लिए सक्रिय हो गए। 45 हजार रुपए का जुर्माना वसूला गया।

नगर निगम का लोकनिर्माण विभाग, स्वच्छता विभाग, राजस्व विभाग पुलिस बल लेकर सुबह सबसे पहले गौशाला रोड पहुंचा। यहां पर बने हुए बड़े तबेले को तोड़ने में ही निगम के दल को करीब तीन घंटे से अधिक का समय लगा। इसके अलावा तेलियों की सड़क, राजेंद्र नगर, वेद व्यास कॉलोनी, मौमिनपुरा आदि क्षेत्र में भी दल ने कार्रवाई की। तेलियों की सड़क पर रघुनाथसिंह पर 15 हजार रुपए, राजेंद्र नगर में शहजाद पर 10 हजार रुपए, हुसैन पर 10 हजार रुपए, मौमिनपुरा में मो. दीवान कुरेशी पर 10 हजार रुपए इस प्रकार कुल 45 हजार रुपए का दंड वसूला।

पत्रिका 9/9/21

# भैंसों के तबेले तोड़े गए, चार से जुर्माना भी वसूला

**रतलाम** | शहरी क्षेत्र में बने तबेलों पर नगर निगम ने बुधवार को फिर कार्रवाई की। जोन तीन के सात तबेले तोड़े गए। बुधवार को सुबह 10 बजे से गोशाला रोड से कार्रवाई शुरू हुई। गोशाला रोड पर रघुनाथ राठौड़, मानसिंह राठौड़ तैलियो की गली, शहजाद रसूल राजेंद्र नगर, शाहिद घोसी मोमिनपुरा, हुसैन अब्दुल व मोहम्मद कुरैशी नयापुरा के तबेलों को गैंग ने हटाया। इतना ही नहीं राजेंद्र, अनिल कुमार व सलीम मोहम्मद हुसैन (गोपाल यादव) गोशाला रोड से 15000 रुपए, शहजाद राजेंद्र नगर, हुसैन नयापुरा व मोहम्मद दीवान कुरैशी से 10000 रुपए का तबेला तोड़ने का जुर्माना भी वसूला।

भास्कर

दै. भास्कर 9/9/21

# अन्न उत्सव आयोजित हुआ



प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत सम्मिलित पात्र परिवारों को खाद्यान्न वितरण के लिए मंगलवार 7 सितम्बर को जिले में भी अन्नोत्सव आयोजित हुआ। इस दौरान जिले की 522 शासकीय उचित मूल्य दुकानों पर हितग्राहियों को राशन वितरण किया गया। इस अवसर पर नोडल अधिकारी के अलावा स्थानीय जनप्रतिनिधि, सतर्कता समिति के सदस्य तथा आपदा प्रबंधन समिति के सदस्य भी उपस्थित रहे।

जिला आपूर्ति अधिकारी एस.एच. चौधरी ने बताया कि अन्न उत्सव के आयोजन में सभी पात्र परिवारों को माह सितंबर के नियमित 5 किलोग्राम खाद्यान्न प्रति सदस्य एक रुपए प्रति किलोग्राम की दर से प्रदान किया गया तथा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना अंतर्गत 5 किलोग्राम खाद्यान्न प्रति सदस्य निःशुल्क वितरण किया गया। इसके अलावा जिन व्यक्तियों द्वारा विगत माह राशन बैग प्राप्त नहीं किए गए थे, उनको राशन बैग वितरित किए गए।

प्रसारण 9/9/21

## पूर्व पार्षद भदोरिया पर मारपीट का केस

रतलाम. भाजपा के पूर्व पार्षद और एमआईसी सदस्य भगतसिंह भदौरिया पर अलकापुरी के एक युवक ने मारपीट और धमकी देने का केस दर्ज कराया है। औद्योगिक क्षेत्र पुलिस के अनुसार अलकापुरी निवासी आशीष वर्मा ने बताया कि प्रापर्टी ब्रोकर है और भगतसिंह भदौरिया से प्रापर्टी को लेकर पुराना विवाद चल रहा था। 7 सितंबर को भदौरिया ने उसे विवाद को निपटाने के लिए जूनियर इंस्टीट्यूट के सामने बुलाया। जब वहां पहुंचा तो भदौरिया ने गाली गलौच करके थप्पड़ों से पीट दिया। पीड़ित ने बताया कि उस पर नुकीली वस्तु से हमला करने का प्रयास भी किया। जैसे-तैसे वहां से भागकर जान बचाई। पुलिस ने भदौरिया पर मारपीट और धमकाने का केस दर्ज कर लिया है।

पत्रिका 9/9/21

## पूर्व पार्षद भदौरिया पर मारपीट का प्रकरण

रतलाम। पुराने विवाद में प्रापर्टी ब्रोकर आशीष पुत्र रवींद्रकुमार वर्मा निवासी अलकापुरी के साथ पूर्व पार्षद भगतसिंह भदौरिया द्वारा मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार आशीष ने रिपोर्ट की है कि आरोपित भगतसिंह भदौरिया से उनका एक प्रापर्टी को लेकर विवाद चल रहा है। भदौरिया ने 7 सितंबर को विवाद के निपटारे के लिए जूनियर इंस्टीट्यूट के सामने बुलाया था। वहां पहुंचने परअभद्र व्यवहार किया गया। मना करने पर उन्हें थप्पड़ों से मारा। भदौरिया के खिलाफ केस दर्ज किया।

नईदुनिया 9/9/21

# 10 करोड़ की लागत से दिल्ली की तर्ज पर बनेगा 'रतलाम फूड जोन'

## एक ही जगह पर खाने से लेकर मनोरंजन के साधन, वाहन पार्किंग भी अलग होगी

**एक्सक्लूसिव**


पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com


**रतलाम.** इंदौर की ख्यात 56 दुकानों की थीम और दिल्ली की तर्ज पर डिजाइन वाला शहर का पहला रतलाम फूड जोन आने वाले समय में आकार लेगा। करीब 10 करोड़ की लागत वाले इस विशेष फूड जोन में कई तरह के खान-पान के साथ ही मनोरंजन की सुविधा भी होगी। साथ ही करीब 200 वाहनों को पार्क करने वाला पार्किंग जोन भी बनेगा।

रतलाम शहर में करीब 10 करोड़ रुपए की लागत से फूड जोन स्टेडियम मार्केट के करीब तैयार होगा। इसमें इंदौर की तर्ज पर खानपान की 56 दुकानें तो होगी ही इसके अलावा झूले, मनोरंजन की बड़ी एलईडी पर मूवी का आनंद, समाचार आदि भी देखने को मिलेंगे। कुल मिलाकर परिवार के साथ मनोरंजन के लिए बनकर तैयार होने के बाद यह सबसे बेहतर स्थान सिद्ध होगा। पूरा प्रोजेक्टदिल्ली के गुरुग्राम में स्थित साइबर हब की तर्ज पर बनेगा। नगर निगम व जिला प्रशासन मिलकर शहर में यह सौगात देने की तैयारी कर रहे हैं। इसमें अलग-अलग जोन में अलग-अलग स्तर की दुकाने होगी। एक बार में बाइक व कार-जीप मिलाकर करीब 200 से अधिक



वाहनों की पार्किंग भी रहेगी। इतना ही नहीं परिवार के साथ आने वाले छोटे बच्चों के मनोरंजन के लिए अलग से एक चाइल्ड जोन बनाया जाएगा।

### गीत-संगीत के साथ साफ-सफाई रहेगी खास

फूडपार्क में इंदौर की तर्ज पर 56 दुकाने खानपान की तो रहेगी ही इसके साथ साथ छोटे बच्चों के मनोरंजन के लिए अलग से व्यवस्था रहेगी। असल में दिल्ली के गुरुग्राम में जिस तरह से साइबर हब बना हुआ है उसी की तर्ज पर इसको विकसित किया जाएगा। इसमे बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले, चकरी तो रहेंगे ही इसके साथ साथ संगीत की अलग से व्यवस्था रहेगी। इतना ही नहीं, एक मंच भी बनाया जाएगा जहां पर स्थानीय के साथ साथ बाहर के कलाकार आकर अपनी संगीत की प्रस्तुती दे पाएंगे। इसके अलावा स्वच्छता का ध्यान रखने के लिए प्रति 50 मीटर पर डस्टबिन भी लगाए जाएंगे। वृद्ध आकर यहां अपने मित्रों के साथ बैठकर गपशप कर सकें व पुराने दिन याद कर सकें, इसके लिए अलग से स्थान बनाया जाएगा।

### डीपीआर की तैयारी

शहर के मित्र निवास रोड पर करीब 10 करोड़ रुपए की लागत से फूड जोन बनाने की तैयारी जारी है। इसकी डीपीआर पर काम तेजी से चल रहा है, बनकर तैयार होने के बाद यह शहर की पहली पसंद होगा।

**- कुमार पुरुषोत्तम,** कलेक्टर व निगम प्रशासक रतलाम

पत्रिका 9/9/21

## खुले में गंदगी करने पर 15 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते है, मलबा डालकर अतिक्रमण करते है उन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 6 सितम्बर को 9 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार खुले में गंदगी करने पर ऋषभ फर्नीचर छत्रीपुल पर 2000, अशोक लुनिया जावरा रोड, मुरारी महू रोड, भुपेन्द्र, अमर फर्नीचर, भुरा छत्रीपुल पर 500-500, न्यू स्टील, अम्बिका ट्रेडर्स छत्रीपुल पर 300-300, जितेन्द्र सिंह, विजय भुट्टा बाजार पर 250-250, सकाबाई जावरा रोड, संजय, किशोर, रमेश, नितिन पर 50-50 रूपये का स्पॉट फाईन कर भविष्य में गंदगी ना करने की समझाईश दी।

## नो पार्किंग में खड़े 4 वाहनों को जब्त कर वसूला जुर्माना

रतलाम। नगर में ऐसे नागरिक जो कि अपने वाहनों को नो पार्किंग में खड़ा कर यातायात व्यवस्था को बाधित करते है, उनके वाहन जब्त कर जुर्माना वसूलने की कार्यवाही निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार चलाई जा रही है जिसके तहत 7 सितम्बर मंगलवार को नो पार्किंग में खड़े 4 वाहनों को नगर निगम की क्रेन से जब्त कर संबंधितों से जुर्माना वसूला गया। निगम आयुक्त झारिया के निर्देशानुसार 7 सितम्बर मंगलवार को चांदनी चौक, धानमण्डी व गायत्री टॉकिज क्षेत्र में नो पार्किंग में वाहन खड़ा करने पर आशीष-राजेन्द्र कुमावत सैलाना पर 500, मुकेश-नारायण शर्मा राजोद, अरिहंत-प्रदीप भण्डारी रतलाम व दर्शन-सतीश जैन रतलाम पर 200-200 रूपये का जुर्माना किया गया।

प्रसारण 9/9/21

# कचराघर बन रहे खाली प्लाट, बदबू से परेशानी

## नगर निगम के स्पाट फाइन से भी नहीं सुधर रहे हालात, गली-मोहल्लों में हालात अच्छे नहीं




रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। शहर में स्वच्छता का स्तर बढ़ाने के लिए नगर निगम ने खुले में कचरा फेंकने वाले करीब 90 स्थानों को खत्म कर दिया, लेकिन गली-मोहल्लों में खाली प्लाट डंपिंग ग्राउंड बनते जा रहे हैं। प्लाट पर बाउंड्रीवाल नहीं होने से गंदगी व कचरे में मवेशी भी विचरण करने लगते हैं। इससे रहवासियों को परेशानी होती हैं और बीमारियों का खतरा भी बना रहता है।

मालूम हो कि नगर निगम कचरा संग्रहण वाहनों से घर-घर से कचरा लेने के बाद शहर में लगाए गए डस्टबिन से भी कचरा उठाया जाता है। पहले शहर में कुछ स्थानों पर निगम के वाहन ही कचरा खाली करते थे और वहां से काम्पेक्टर के जरिये कचरा डंपरों में भरकर ट्रेंचिंग ग्राउंड पर भेजा जाता था। कुछ स्थानों पर प्रतिदिन लोग कचरा फेंकते थे, जो निगम अमले द्वारा संग्रहित किया जाता था। वर्ष 2020 के स्वच्छता सर्वे में निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने खुले में कचरा फेंकने पर रोक लगाते हुए दरोगा, स्वास्थ्य विभाग के अमले की जिम्मेदारी तय की। इसका असर भी हुआ, लेकिन प्रमुख चौराहों, मार्गों सहित पटरी पार की कालोनियों में बड़ी संख्या में खाली पड़े प्लाटों का कचरा लोगों की परेशानी का कारण बन रहा है।



मोहन नगर में खाली प्लाट पर जमा कचरा। ■ नईदुनिया

**रंगोली से दी समझाइश भी बेअसर :** लोगों में जागरूकता के लिए कचरा फेंकने वाले स्थानों पर लगातार रांगोली बनवाकर समाजसेवी संस्थाओं, स्कूली बालिकाओं, गणमान्य नागरिकों से भी निगम के वाहनों में ही कचरा डालने की अपील की गई। इस समझाइश का असर कुछ दिन रहा और फिर से वही हालात बन गए हैं।



" खाली प्लाट की सफाई, बरसात के पानी की निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है। मवेशी कचरे से उठने वाली बदबू से परेशानी होती है। जनआक्रोश का सामना निगम को करना पड़ता है, लेकिन बढ़ती कीमत का फायदा नियम का पालन न करने वाले प्लाट मालिक को होता है। **- अनिल पेंडसे**, जागरूक नागरिक



" खाली प्लाटों पर जमा कचरे से नालियां जाम हो जाती है और गंदगी सड़क पर बहने लगती है। कचरे में प्लास्टिक, पालीथिन गाय व अन्य पशु खाते है, जिससे उनके जीवन को खतरा पैदा हो जाता है। निगम को प्लाट मालिकों को सफाई को लेकर दिशा निर्देश देना चाहिए। **- प्रकाश लोढ़ा**, जीव मैत्री परिवार

" शहर में खुले में कचरा फेंकने वाले, गंदगी करने वालों पर स्पाट फाइन किया जाता है। सीसीटीवी कैमरे से भी ऐसे लोगों की पहचान कर कार्रवाई की जा रही है। खाली प्लाट के संबंध में भी कार्रवाई करेंगे। सभी के सहयोग से ही स्वच्छता की दौड़ में आगे रहा जा सकता है। **- सोमनाथ झारिया**, निगमायुक्त

નઈદુનીયા ૯/૯/૨૧

# एक बार भी नहीं खुले धोलावड़ डैम के गेट

## इस साल अल्पवर्षा : जिले के 80 फीसद तालाबों में पर्याप्त पानी नहीं

रतलाम। जिले में रुक-रुककर कहीं रिमझिम तो कहीं तेज बारिश हो रही है। शहरी क्षेत्र में मंगलवार के बाद बुधवार को मौसम पूरी तरह साफ रहा। गर्मी और उमस बढ़ने से आमजन के हाल बेहाल होते रहे। अब तक जिले में 28 इंच से अधिक बारिश हो चुकी है। गत वर्ष इस अवधि में 37 इंच पानी बरसा था। जिले की कुल सामान्य बारिश 918.3 मिमी और अब तक की 765.2 मिमी है। जिले में 100 से अधिक छोटे बड़े तालाब हैं। इनमें 10 से 20 प्रतिशत तालाब ही लबालब हुए हैं। शेष में कहीं 60 तो कहीं 80 फीसद पानी जमा हुआ है। प्रतिदिन रतलामवासियों के कंठ तर करने वाले धोलावड़ डैम में वर्तमान में करीब 389 मीटर पानी संग्रहित है। डैम की कुल जल भराव क्षमता 395 मीटर है। चालू वर्षाकाल में अब तक एक बार भी डैम के गेट नहीं खुले हैं।

शहर में बुधवार सुबह से सूरज की तेजी रही। दिन में सूरज के तेवर और भी ज्यादा तीखे हो गए। इस दौरान शहर के कई स्थानों पर बिजली की आंखमिचौनी का खेल भी चला। शाम को अचानक मौसम ने करवट बदली और 4:50 बजे तेज बारिश का दौर प्रारंभ हो गया। हालांकि बारिश का दौर ज्यादा देर नहीं चला। 10 मिनट बाद आसमान फिर साफ हो गया। शाम छह बजे फिर आधे घंटे तक झमाझम बारिश से सड़कें तरबतर हो गईं। सुबह आठ बजे समाप्त हुए बीते चौबीस घंटों के दौरान जिले में 2.8 मिमी औसत बारिश हुई। पिपलौदा तहसील में 13 मिमी, बाजना में चार मिमी और सैलाना तहसील में छह मिमी पानी बरसा। जिले में अब तक 723.4 मिमी बारिश हो चुकी है। गत वर्ष इस अवधि में 931.1 मिमी पानी बरसा था।

### जिले की तहसीलों में बारिश की स्थिति

| तहसील | अब तक | गत वर्ष की बारिश मिमी |
|---|---|---|
| आलोट | 695.0 | 741.0 |
| जावरा | 962.0 | 888.0 |
| ताल | 886.0 | 837.2 |
| पिपलौदा | 595.0 | 824.0 |
| बाजना | 536.0 | 1171.0 |
| रतलाम | 679.0 | 857.0 |
| रावटी | 647.6 | 988.4 |
| सैलाना | 787.0 | 1142.0 |
| औसत | 723.4 | 931.1 |



रतलाम में बुधवार शाम झमाझम बारिश से सड़क तरबतर हो गई। • नईदुनिया

### जावरा, ताल को छोड़कर सभी तहसीलें पिछड़ी

गत वर्ष के मुकाबले जावरा व ताल तहसील को छोड़कर शेष सभी तहसीलें पिछड़ी हुई है। जावरा में 74 मिमी और ताल में 48.8 मिमी बारिश अधिक हुई है। आलोट तहसील में 46 मिमी, पिपलौदा में 229 मिमी, बाजना में 635 मिमी, रतलाम में 178 मिमी, रावटी में 340.8 मिमी, सैलाना तहसील में 355 मिमी पानी कम बरसा है।

### नामली में 30 मिनट बारिश

नामली। नगर में तीन सप्ताह बाद बुधवार को बारिश हुई। शाम करीब 6.15 बजे तेज बारिश का दौर शुरू हुआ, जो लगातार करीब 30 मिनट तक चलता रहा। इसके बाद बूंदाबादी होती रही।

नईदुनिया

### खाली पड़ी करिया की गोरकी तलाई



करिया की सिंचाई संरचना गोरकी तलाई वर्तमान में खाली पड़ी है।

करिया गांव की एक मात्र गोरकी तलाई सिंचाई संरचना है। इससे करीब 100 गरीब परिवार की भूमि सिंचित होती है। तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने 1975 में भूमिहीन लोगों का चयन कर बीस सूत्री कार्यक्रम के तहत दी थी।

### कुंडाल कोटेश्वर डैम 61 फीसद खाली



कुंडाल कोटेश्वर डैम बारिश की कमी के कारण खाली पड़ा है।

रतलाम ग्रामीण का सबसे बड़ा डैम कहे जाना वाला कुंडाल कोटेश्वर डैम गत वर्ष के मुकाबले खाली पड़ा है। इससे किसानों की परेशानियां बढ़ने लगी है। डैम से क्षेत्र के करीब 20 से अधिक गांव नहर से सिंचाई करते है। गत वर्ष सितंबर के पहले सप्ताह में कुंडाल डैम में 9.22 एमसीएम पानी था। वर्तमान में केवल 3.55 एमसीएम पानी है। डैम 61 फीसद खाली पड़ा है।

નઈદુનીયા ૭/૭/૨૧

# अब प्रदेश में मिलने लगेगी प्रति मिनट 45,890 लीटर ऑक्सीजन

## सीएम बोले, 190 में से 88 प्लांट अब कार्यशील



भोपाल, (प्रस)। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कोरोना की दूसरी लहर में स्वास्थ्य अधोसंरचना में दिखी कमियों को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जा रहा है। इन कमियों में सबसे महत्वपूर्ण थी मेडिकल ऑक्सीजन।

हमने यह तय कर लिया था कि जो भी हो अब भविष्य में प्रदेशवासियों को उपचार में ऑक्सीजन की कमी नहीं आने देंगे। इसी उद्देश्य से अभियान चलाकर प्रदेश में ऑक्सीजन प्लांटस लगाने का कार्य युद्ध स्तर पर किया गया। आज मप्र में स्थापित किए जा रहे 190 ऑक्सीजन प्लांट में से 88 प्लांट शुरू हो गए है। इन 88 प्लांटस की ऑक्सीजन क्षमता 45 हजार 890 लीटर प्रति मिनट है। सीएम ने कहा कि कोरोना की दूसरी लहर के समय मप्र में अन्य प्रांतों से ऑक्सीजन लाकर कमी को दूर किया गया था। इसमें भारतीय सेना के वायुयान, हैलीकाप्टर, रेल के साथ सड़क मार्ग से टैंकरों द्वारा ऑक्सीजन प्रदेश में लाई गई। यह बहुत मुश्किल परिस्थितियां थी। इन परिस्थितियों का दोबारा सामना न करना पड़े, इसके लिए प्रदेश सरकार ने क्रियेटिव सोच और बेहतर प्लानिंग के साथ मेडिकल ऑक्सीजन के मामले में आत्म-निर्भर बनने का जो सपना संजोया, आज वह मूर्त रूप ले रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश की स्वास्थ्य संस्थाओं में ऑक्सीजन प्लांट लग जाने से रोगियों को अब बिना विलंब ऑक्सीजन उपलब्ध हो सकेगी।

२१७

### अब आयात की नहीं पड़ेगी जरूरत

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में ही ऑक्सीजन उत्पादन शुरू हो जाने से अब ऑक्सीजन आयात करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। हमारा प्रयास है कि सभी जिला मुख्यालयों सहित तहसील स्तर पर भी ऑक्सीजन प्लांटस लग जाए। जहां ऑक्सीजन प्लांटस नहीं लगे हैं वहां ऑक्सीजन कसंट्रेटर उपलब्ध करवाए गए हैं। मप्र में स्थापित हो रहे 190 ऑक्सीजन प्लांट में से 102 प्लांट केंद्र सरकार के सहयोग से लग रहे हैं। सितंबर माह के अंत तक सभी 190 प्लांटस काम करना शुरू कर देंगे।

२१७ एक्सप्रेस 9/9/21

## वायरल के बीच फिर मिला कोरोना का मरीज

रतलाम. जिले में कोरोना के हालातों पर काबू पाने के बाद सितंबर माह की शुरुआत में एक बार फिर से कोरोना का एक और मरीज मिला है। इसके पूर्व एक ही मरीज का उपचार चल रहा था जो कि स्वस्थ होकर बुधवार को डिस्चार्ज हुआ था कि शाम को मेडिकल कॉलेज की लैब से आई रिपोर्ट में एक और मरीज में कोरोना की पुष्टि हुई है। जिले में कोरोना मरीजों की संख्या बढ़कर अब 17505 हो गई है। इसके पूर्व अगस्त में 4 पॉजिटिव मरीज सामने आए थे। उनमें से भी आखरी मरीज बुधवार को डिस्चार्ज हुआ था कि शाम को फिर से 1 नए मरीज के पॉजिटिव होने की पुष्टि हो गई। वर्तमान में सर्दी, खांसी, बुखार के साथ ही डेंगू का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। इस बीच कोरोना मरीज की दस्तक ने एक बार फिर से सबको हिला दिया है। दरअसल प्रदेश के कुछ जिलों में अब फिर से कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है।

पत्रिका 9/9/21

## 37 रिपोर्ट में डेंगू के 12 मरीज, सात घरों में लार्वा मिला

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। प्रतिदिन मिलने वाले डेंगू के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। सरकारी स्तर पर बचाव के उपाय अभियान के रुप में चलाए जा रहे हैं, लेकिन असर नहीं हो रहा है। पिछले दो दिन से एक दिन में दस से अधिक मामलों की पुष्टि हो रही है। जिला अस्पताल की लैब से बुधवार को मिली एलाइजा टेस्ट की 37 रिपोर्ट में 12 डेंगू के नए मरीज मिले और फीवर सर्वे के दौरान सात घरों में लार्वा मिला, जिसे नष्ट कराया गया है। जिले में अब तक इस साल डेंगू के मरीजों का आंकड़ा बढ़ते हुए 235 पहुंच गया है। इनमें शहर के 172 और शेष ग्रामीण क्षेत्रों के हैं। बुधवार को शहर में 206 घरों को सर्वे किया गया। इनमें सात घरों में लार्वा मिला और दो सामान्य बुखार के मरीज मिले हैं, जिनका उपचार प्राइवेट अस्पताल में हो चुका है और अब स्वस्थ हैं। जिला मलेरिया अधिकारी डा. प्रमोद प्रजापति ने बताया कि मौसम ऐसा बन गया है कि मच्छर बढ़ रहे हैं और बचाव के उपाय में लोग लापरवाही कर रहे हैं।

नईदुनिया 9/9/21

## 10 दिन बाद मिला नया पॉजिटिव, 15 साल का किशोर संक्रमित निकला

रतलाम | जिले में 10 दिन बाद पॉजिटिव सामने आया है। 15 साल के एक किशोर की कोरोना जांच रिपोर्ट पॉजिटिव मिली। इसी के साथ अब कुल संक्रमित 17505 हो गए हैं। बुधवार को नामली के ग्राम मेवासा के 15 साल के पुरुष की रिपोर्ट पॉजिटिव रही। इसी के साथ एक्टिव केस भी 1 हो गए हैं। इससे पहले 29 अगस्त को एक युवक की रिपोर्ट पॉजिटिव मिली थी। इधर बुधवार को एक मरीज को डिस्चार्ज किया गया है। 279446 की जांच हो चुकी है, इनमें से 17505 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव मिली है।

दै. भास्कर 9/9/21

## वैक्सीनेशन पर्यवेक्षण अधिकारी नियुक्त

रतलाम। राज्य शासन के निर्देशानुसार 12 सितम्बर तक रतलाम जिले की सम्पूर्ण पात्र आबादी का शत-प्रतिशत प्रथम डोज का वैक्सीनेशन किया जाना है। इस हेतु समस्त अनुविभागीय दण्डाधिकारियों को पूर्व से जिम्मेदारी दी गई है तथा संबंधित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को सहायक नोडल अधिकारी का दायित्व सौंपा गया है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने उक्त कार्य के सतत् पर्यवेक्षण हेतु वैक्सीनेशन पर्यवेक्षण अधिकारी भी नियुक्त किए है। इसके तहत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती मीनाक्षी सिंह सैलाना, बाजना तथा रतलाम ग्रामीण एवं अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े रतलाम, जावरा, पिपलौदा तथा आलोट में वैक्सीनेशन का कार्य दी गई समय सीमा में सम्पन्न करवाएंगे।

प्रसारण 9/9/21

## कोरोना का एक और नया पाजिटिव केस

रतलाम। डेंगू के कहर के बीच बुधवार को कोरोना का एक नया पाजिटिव केस सामने आया, वहीं शासकीय मेडिकल कालेज में उपचाररत एक मरीज को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया। अब एक्टिव मरीजों की संख्या केवल एक है। जिले में अब तक 17505 पाजिटिव केस सामने आ चुके हैं, वहीं 17193 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया जा चुका है। मौत का कुल आंकड़ा 311 है।

# सज्जन विहार के प्रवेश मार्ग पर हो रहे गड्ढे, रहवासी परेशान

भास्कर संवाददाता | रतलाम

बरबड़ रोड स्थित शहर की पॉश कॉलोनी सज्जन विहार के प्रवेश मार्ग की हालत खराब है। इस पर इतने गड्ढे हो रहे हैं कि गुजरना भी मुश्किल है। बरबड़ फोरलेन से सटी यह कॉलोनी है। इससे जैसे ही इस कॉलोनी के बाहर रहवासी निकलते हैं तो फोरलेन आ जाता है। ऐसे में गड्ढों के कारण दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है।

कॉलोनी के रहवासी और सामाजिक कार्यकर्ता हितेंद्र उपाध्याय ने बताया कि शहर की पॉश कॉलोनी होने के बाद भी यह स्थिति है। इससे सभी रहवासी परेशान हैं। पहले भी निगम को शिकायत की थी। उन्होंने नगर निगम आयुक्त से सड़क निर्माण करने की मांग की है।

दै. भास्कर 9/9/21

## राम मंदिर क्षेत्र में फिर लगा जाम, लोग परेशान

रतलाम। डाट की पुल रोड व सुभाष नगर मार्ग बंद होने से शहर में पटरी पार आवाजाही के लिए श्रीराम मंदिर, सैलाना ओवरब्रिज मार्ग से ही आवागमन हो रहा है। इससे दिन में कई बार जाम लगने की स्थिति बन जाती है। खास तौर पर शाम के समय वाहन तो ठीक सड़क पर पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। बुधवार शाम छह से रात आठ बजे तक मार्ग पर वाहन रेंगते रहे। ट्रैफिक पुलिस का अमला भी जाम को लेकर असहाय दिखा। जाम लगने से क्षेत्र के व्यापारी, दुकानदार भी परेशान होते रहे।

नईदुनिया 9/9/21

फोरलेन निर्माण का रोज दिख रहा असर

# डाट की पुल रोड बंद, चेतक ब्रिज पर शाम को लगा जाम



रतलाम | डाट की पुल रोड को बंद किया गया है। वहां सड़क का निर्माण किया जा रहा है। इधर, असर अन्य क्षेत्र में भी दिख रहा है। राम मंदिर, चेतक ब्रिज पर शाम को लोड बढ़ जाता है।

दै. भास्कर 9/9/21

## 12 दिनों के सूखे के बाद बारिश का दौर शुरू



रतलाम। जिले में एक बार फिर मानसून सक्रिय हुआ है। आज दिनभर की उमस के बाद शाम को रतलाम शहर और आसपास के क्षेत्रों मे 20 मिनट तक तेज बारिश हुई जिससे आम लोगों को उमस से राहत मिली है। वहीं फसलों को भी इस बारिश से राहत मिलने की उम्मीद है। हालांकि ग्रामीण अंचलों में हल्की बारिश ही दर्ज की गई है, लेकिन मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार आगामी 24 घंटों में रतलाम जिले में अच्छी बारिश होने की उम्मीद जताई जा रही है, जिससे सोयाबीन की मुरझा रही फसलों को जीवनदान मिलने की उम्मीद है।

हाल-ए-बाल चिकित्सालय....

# व्यवस्था संक्रमण : 1 बेड पर दो बच्चे, गोद में लेकर नौनिहालों का उपचार

लगातार



पत्रिका

प्रकाशित खबर।

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**रतलाम.** जिले में लगातार बढ़ती मौसमी बीमारियों के प्रकोप से बच्चे भी अछूते नहीं रहे हैं। सर्दी, खांसी, जुकाम, बुखार और डेंगू की चपेट में अब बच्चे भी आने लगे हैं। हालत इस कदर बिगड़ चुके हैं कि अस्पताल और वार्ड में पैर रखने तक की जगह नहीं बची है। विशेषकर बच्चों के अस्पताल में हालात अब बिगड़ते नजर आ रहे हैं। यहां पर एक बेड पर दो बच्चों को भर्ती कर उपचार किया जा रहा है।

बाल चिकित्सालय में भीड़ को देख ऐसा लगता है जैसे कोई धर्मशाला या मंडी में भीड़ लगी हो लेकिन यह नजारा बच्चों के अस्पताल का है। यहां वार्ड में जाकर देखे तो कोई मां अपने बच्चे को गोद में लेकर बैठी है तो कोई पलंग पर लेटा कर उसे जल्द स्वस्थ होने का दिलासा दे रही है। जितने बच्चे बेड पर भर्ती हैं, उनके अतिरिक्त कई परिजन बच्चों को जमीन पर लेटा कर उपचार कराते नजर आ रहे हैं। वार्ड के हालात इस कदर हो गए हैं कि यहां स्टाफ नर्स के बैठने तक की फुर्सत नहीं मिल रही।

## तो कैसे होंगे हालात

कोरोना संक्रमण की तीसरी लहर में सबसे ज्यादा प्रभावित बच्चों का होना बताया जा रहा है। ऐसे में बाल चिकित्सालय को नए सिरे से तैयार किए जाने का काम लगभग पूरा होने को आया है। इन सबके बीच वर्तमान में जहां बच्चों को भर्ती किया जा रहा है, वहां अब जगह कम पड़ने लगी है। यदि ऐसे में तीसरी लहर ने दस्तक दे दी तो हालात काफी भयावह हो सकते हैं। हालांकि प्रशासन ने यह दावा किया है कि उनकी तरफ से तैयारी पूरी है।

## शहर से लेकर गांव तक तैयारी

यदि कोरोना की तीसरी लहर आती है और उससे बच्चे प्रभावित होवे है तो बच्चों के उपचार के लिए प्रशासन द्वारा गांव से लेकर शहर तक अस्पताल में पर्याप्त मात्रा में बेड की व्यवस्था की गई है। गांव के मरीजों को जिला मुख्यालय तक ना आना पड़े इसके लिए हर विकासखंड स्तर पर बेहतर तैयारियां की जाने की बात कही गई है। प्रशासन की तैयारियां भले ही बेहतर है लेकिन बच्चों के चिकित्सकों की कमी अब भी खल रही है।

यह धर्मशाला नहीं बल्कि बाल चिकित्सालय के वार्ड का दृश्य







- 1. वार्ड में नहीं समा पा रहे मरीज।
- 2. एक पलंग पर दो मरीज।
- 3. जांच के लिए लग रही कतार।

पत्रिका

पत्रिका 9/9/21

# 'द्वारका' में नियम तोड़कर मंजूरी, अब फाइलें गुम

**मनमर्जी का निर्माण**

**द्वारका रेसीडेंसी का गड़बड़झाला**

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. शहर के द्वारका रेसीडेंसी का निर्माण नियम को अनदेखा कर हुआ, जो भूमि लीज की थी, उसका बैचाननामा किया व इसकी मंजूरी तत्कालीन अधिकारियों ने कथित नियम में लाकर की। अब पुराने दस्तावेज खंगालने की शुरुआत हो रही है। आगामी एक सप्ताह में सभी दस्तावेज एकत्रित करने को कहा गया है। इन सब के बीच कुछ



सरकारी कार्यालय में फाइल ही गायब हो गई है।

1944 में राममदिर के सामने की भूमि को लीज पर दिया गया था। इसकी रायल्टी प्रतिवर्ष तत्कालीन समय में नगर सुधार न्यास लेता था। लीज की अवधि नियम अनुसार बढ़ती गई। अचानक से वर्ष 2012-2013 में तत्कालीन कलेक्टर ने भूमि की बिक्री की मंजूरी दे दी। इसके बाद से ही यह लीज की भूमि सरकारी से निजी में बदल दी गई। पत्रिका

## फाइलें कर दी गायब

दो वर्ष पूर्व जब द्वारका रेसीडेंसी का निर्माण कार्य शुरू हुआ व नींव की शुरुआत हुई तब इस बात की जानकारी सामने आई की लीज की भूमि की बिक्री हो गई है। इसके बाद जब जानकारी निकलवाई गई तो फाइले ही जिम्मेदार कार्यालय से गायब कर दी गई। अब जब अतिक्रमण तोड़ने की बात हुई तो यह बात सामने आई की सर्वे नंबर से जुड़े कुछ दस्तावेज ही अलग-अलग सरकारी कार्यालय में गायब हो गए है। अब नगर निगम ने इस मामले में गंभीरता से काम करना शुरू कर दिया है। नगर निगम के जिम्मेदार बुधवार दिनभर इस मामले में उपलब्ध दस्तावेज खंगालते रहे। दोपहर करीब 1 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक दस्तावेज को देखा गया है। निगम के आला अधिकारियों के अनुसार आने वाले दिनों में बड़ी कार्रवाई करने की योजना पर काम चल रहा है। इसके लिए निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, निगम के सिटी इंजीनियर जीके जायसवाल आदि ने सभी उपलब्ध दस्तावेज को खंगाला है।

## कार्रवाई की जाएगी

फिलहाल दस्तावेज का अध्ययन चल रहा है। इस मामले में तुरंत कहना जल्दबाजी होगी, लेकिन यह तय है कि गड़बड़ी पर बड़ा एक्शन लिया जाएगा।

**- सोमनाथ झारिया,** आयुक्त नगर निगम रतलाम

पत्रिका 9/9/21

देर शाम तक चली बैठक में हुए कई निर्णय

# बैठक: सफाई कर्मचारियों का होगा विनियमितीकरण

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

रतलाम. नगर निगम के स्वच्छता विभाग के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों का विनियमितिकरण किया जाएगा। इसमे इनको चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की सुविधा प्राप्त होगी। पत्रिका की खबरों के बाद कलेक्टर व निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम ने इस पर संज्ञान लिया था व आयुक्त सोमनाथ झारिया को इस मामले में निर्णय लेने को कहा था। इसके बाद आयुक्त झारिया ने मंगलवार शाम करीब 5 बजे से देर रात तक कर्मचारी संगठनों के साथ बैठक की। इसके बाद ही इस सहित अन्य कई निर्णय लिए गए। अगले दो माह में सभी निर्णय अमल में आएंगे। निगम में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के कुल 355 पद रिक्त हैं, इनके मुकाबले 155 कर्मचारियों को विनियमितिकरण किया जावेगा। इसके आलावा बैठक में 22 मांगों को मंजूर कर लिया।

बता दे कि शासन ने 7 अक्टूबर 2016 को नगर निगम के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों का विनीमियतिकरण करने के आदेश जारी किए थे। इस आदेश के बाद निगम के कुछ कर्मचारियों को तो यह सुविधा दी गई, लेकिन निगम के स्वच्छता विभाग के कर्मचारियों को छोड़ दिया गया। इसके बाद निगम के कर्मचारियों ने मांग को लेकर हड़ताल की थी। नवरात्रि के दौरान हुई हड़ताल में तत्कालीन निगम अध्यक्ष अशोक पोरवाल ने पहल करते हुए हड़ताल को समाप्त करवाया था। इसके बाद मांग मंजूर करने का भरोसा दिया गया, लेकिन कुछ हुआ नहीं।

## पत्रिका ने उठाया था मामला

पत्रिका ने नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की समस्या को उठाया व उनकी मांग के बारे में लगातार समाचारों का प्रकाशन किया। इसके बाद प्रशासक कुमार ने निगम के इन कर्मचारियों से चर्चा की व एक माह में मांग के संबंध में निर्णय लेकर निगम के अधिकारियों के साथ बैठक करवाने का भरोसा दिया। इसके बाद ही निगम आयुक्त झारिया, उपायुक्त विकास सोलंकी, सहायक आयुक्त ज्योति सुनारिया, स्वास्थ्य अधिकारी एपीसिंह के अलावा स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी संगठन के संजय पैमाल, कमल शिंदे, कमल भाटी आदि ने मंगलवार को आयुक्त के साथ बैठक की।

## भारी गहमागहमी रही

राजीव गांधी सिविक सेंटर में बने तरणताल कार्यालय में शाम करीब 5 बजे शुरू हुई बैठक के दौरान भारी गहमागहमी रही। निगम के स्वास्थ्य विभाग के कई कर्मचारी बैठक स्थल के बाहर निर्णय जानने को खड़े रहे। देर रात तक चली बैठक में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों का विनीमियतिकरण दो माह में करने सहित अन्य निर्णयों पर मंजूरी हुई।

पत्रिका 9/9/21

सफाई कर्मचारियों की हड़ताल टली

# निलंबित कर्मचारी बहाल होंगे, कार्रवाई के पहले नोटिस देंगे

भास्कर संवाददाता | रतलाम

9 सितंबर से सामूहिक अवकाश लेकर आंदोलन पर उतरने वाले नगर निगम के सफाई कर्मचारियों की हड़ताल फिलहाल टल गई है। हाल ही में निलंबित किए गए सारे कर्मचारी बहाल होंगे। वहीं सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान लापरवाही मिलने पर सीधे के बजाय नोटिस देकर कार्रवाई होगी। इतना ही नहीं समिति की लंबित 22 मांगों पर भी सहमति बन गई है। लिखित वादे के अनुसार कमिश्नर सोमनाथ झारिया और अन्य अफसरों तथा संयुक्त संघर्ष समिति के पदाधिकारियों के बीच राजीव गांधी सिविक सेंटर स्थित स्वच्छता कार्यालय में शाम 5 बजे से रात 9.15 बजे तक बैठक चली। इसमें समिति पदाधिकारी अपनी मांग और समस्या रखते गए तो कमिश्नर उनका हल निकालते गए। इस दौरान कुछ मुद्दों पर दोनों के बीच बहस भी हुई। ननि सफाई कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति की तरफ से कमल भाटी, विजय खरे, राम कल्याणे, संजय पैमाल, कमल शिंदे, अमर चौहान और उपायुक्त विकास सोलंकी, सिटी इंजीनियर सुरेशचंद्र व्यास, जीके जायसवाल, सहायक यंत्री श्याम सोनी, इंजीनियर मनीष तिवारी, स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, अकाउंट से विजय बालोद्रा भी उपस्थित रहे। भास्कर

दै. भास्कर 9/9/21